हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 खनिज न्यास निधि का उपयोग जनहित व प्रभावित...



12 शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा में सक्रिय है बसंती





## खबर संक्षेप

### बड़गांव में लोक छाया की प्रस्तुति आज



**डौंडीलोहारा।** आदर्श गणेश उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी बड़गांव के संयुक्त तत्वावधान में छाया चंद्राकर कृत छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच लोक छाया का कार्यक्रम 5 सितंबर को रात्रि 10 बजे रखा गया है। आयोजन समिति द्वारा छत्तीसगढ़ के इस सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुफ्त उठाने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### आशीष ने खेल के क्षेत्र में हासिल की एनआईएस की डिग्री



**डौंडीलोहारा।** नगर के प्रतिभावान युवक आशीष जायसवाल ने एशिया के सबसे बड़े खेल संस्थान एनएसएनआईएस (नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला, पंजाब ) से एथलेटिक्स खेल के क्षेत्र में कोचिंग सर्टिफिकेट की डिग्री प्राप्त कर ली है, जो एसएआई (स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया) भारतीय खेल प्राधिकरण के अंतर्गत संचालित है। नगर के यह पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने कोचिंग के क्षेत्र में एनआईएस कोच सर्टिफिकेट को हासिल किया है। वे राजापारा निवासी स्व शिक्षक धरमू राम जायसवाल के पुत्र है। उनकी प्रारंभिक स्कूली शिक्षा डौंडी लोहारा में व उच्च शिक्षा व शारीरिक शिक्षा पंडित रविशंकर शुक्ल रायपुर से पूर्ण हुई है। साथ ही खेल के क्षेत्र में उनको अनेकों उपलब्धियां रही है व उनके प्रशिक्षण में अनेकों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय खेलों में पदक प्राप्त किये हैं। वर्तमान में वे खेल शिक्षक के रूप में अपनी सेवा दे रहे है। आशीष की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष महेंद्र आहूजा, सचिव अमरनाथ सिंह, बालोद जिले के अध्यक्ष सौरभ लुनिया, सुदर्शन सिंह, रवि धनकर, दिनेश तांडी, तुलसी साहू, हिमांशु चंद्राकर व सभी प्रशिक्षकों ने शुभकामनाएं दी है।

### वाहन की ठोकर से एक युवक की मौत

**राजनांदगांव।** साइकिल में सवार होकर जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हुए युवक की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# लगातार मांग के बाद परिवार न्यायालय के लिए जमीन आवंटित, परिसर में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में करीब छह साल बाद परिवार न्यायालय परिसर भवन के लिए जमीन आबंटित कर दी गई हैं। जिसकी जानकारी स्वयं प्रधान न्यायाधीश ने अधिवक्ता कक्ष पहुंचकर जिले के अधिवक्ताओ को मिठाई खिलाकर दी। जिससे अधिवक्ताओ के साथ न्यायाधीशों में खुशी की लहर फैल गई।

2012 मे बालोद जिला बनने के बाद 2 अक्टूबर 2013 में जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर का उद्घाटन किया गया था। जिसके बाद यहां लगातार नई नई सुविधाओ व विभिन्न न्यायालयो का प्रारंभ न्याय को सुगम बनाने व पक्षकारो को न्याय प्रदान करने के लिए किया जाता रहा है लेकिन 1 फरवरी 2020 को परिवार न्यायालय का शुभारंभ होने के बावजूद जमीन आबंटित नही होने के कारण परिवार न्यायालय, जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद परिसर में ही संचालित होते आया है। लेकिन अब जिला के न्यायाधीशो व जिला अधिवक्ता संघ के संयुक्त प्रयास से परिवार न्यायालय के लिए एक अलग से जमीन का आबंटन कर दिया गया है। जहां वर्तमान मे सिवनी में चल रहे नए जिला एवं सत्र न्यायालय भवन निर्माण के किनारे परिवार न्यायालय के लिए जमीन का आबंटन कर दिया गया है। जिसके तहत अब जिला एवं सत्र न्यायालय के नवीन भवन के बगल जिले के लोगो को ▶▶| शेष पेज 12 पर

## परिवार न्यायालय को मिला स्वतंत्र परिसर, अधिवक्ता कक्ष में मिठाई बांटकर दी गई जानकारी



### चुनौतियों पर की चर्चा

इसकी घोषणा स्वयं जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश नवरत्न ने जिला अधिवक्ता कक्ष में पहुंचकर दी, जिसमे उन्होने इसके मांग के दौरान आई कई चुनौतीयो व कठिनाईयो के बारे में अधिवक्ताओ के समक्ष अपनी बाते साझा की। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अजय साहू ने भी अपनी बात रखी और हर्श व्यक्त किया। आपको बता दे कि परिवार न्यायालय अन्य न्यायालयो से अलग न्यायालय होता है जिसकी सुनवाई व रिकार्ड अन्य न्यायालयो से अलग रहते है इसके कारण परिवार न्यायालय को सभी न्यायालयो के साथ एक साथ संचालित नही किया जा सकता। इसके कारण ही लगातार परिवार न्यायालय के लिए अलग जमीन आबंटन की मांग की जा रही थी। ताकि परिवार न्यायालय की सुनवाई के लिए आने वाले पक्षकारो व अधिवक्ताओ के साथ न्यायाधीशो को दिक्कतो का सामना ना करना पड़े।

## नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी सुधार, आमजन और व्यापार के लिए कर प्रणाली होगी सरल

# जीएसटी में ऐतिहासिक बदलाव: सिर्फ दो टैक्स स्लैब से जरूरी वस्तुएं होंगी सस्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारों की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई कर प्रणाली आमजन व व्यापार के लिए और अधिक सरल बनेगी। यह निर्णय व्यापार करने में आसानी और जीवन जीने में आसानी की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे आम नागरिकों का जीवन सरल होगा और अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी सुधारों का स्वागत करते हुए इसे एक ऐतिहासिक और आमजन हितैषी कदम बताया। यह निर्णय भारत की कर प्रणाली को सरल बनाएगा और उद्योग व व्यापार को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। आयकर में 12 लाख तक की छूट के बाद अब जीएसटी में भी भारी सुधार हुआ है। इससे रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं जैसे कि –खाने–पीने की सामग्री खेती–किसानी के उपकरण, दवाइयां, शिक्षा सामग्री, मनोरंजन, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद अब पहले की तुलना में कहीं अधिक सस्ती हो जाएंगी। कई जरूरी वस्तुओं पर जीएसटी दर शून्य कर दी गई है।

नई दिल्ली में आयोजित जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में यह स्वर्णिम फैसला लिया गया। अब सिर्फ दो टैक्स स्लैब रहेंगे 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत। पूर्व में लागू 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब समाप्त कर दिए गए हैं और इनसे जुड़ी अधिकांश वस्तुएं अब नए स्लैब में सम्मिलित कर दी गई हैं। इसके अलावा, विलासिता और हानिकारक वस्तुओं के लिए 40 प्रतिशत का एक अलग स्लैब स्वीकृत किया गया है।

### सिर्फ 5 और 18% स्लैब, आवश्यक वस्तुएं अब और सस्ती











#### समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने वाला

यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासशील सोच और समावेशी ष्टिकोण को दर्शाता है। यह निर्णय न केवल नागरिकों को राहत देगा, बल्कि राष्ट्र के आर्थिक ढांचे को सुदृढ़ करेगा।



### नवरात्रि से लागू होगा यह प्रावधान

यह नया जीएसटी ढांचा नवरात्रि के पावन अवसर से लागू किया जाएगा, जो दर्शाता है कि यह फैसला आम जनजीवन को सुगम बनाने और अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने की प्रतिबद्धता से प्रेरित है। भारतीय जनता पार्टी बालोद जिले के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, निर्वितमान जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, नेता यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, महामंत्री द्वय राकेश छोटू यादव, सौरभ लूनिया, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, कांति सोनबरसा, मुकेश कौडो, पुरुषोत्तम चंद्राकर, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, तोरण साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, प्रदीप साहू, मोहंतीन बाई चौरका, लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, कुंती बाई देवांगन एवं भारतीय जनता पार्टी के समस्त जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि गण जिला मोर्चा, प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी व जिले के समस्त कार्यकर्ताओं ने व जिले वासियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मल सीतारमण के स्वर्णिम फैसले प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय राष्ट्र के विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## बाइक की ठोकर से बुजुर्ग घायल इलाज के बाद कराई रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पैदल राखी पहुंचाने आ रहे बुजुर्ग को मोटर सायकल ने ठोकर मार दिया। जिसके बाद बुजुर्ग को ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां ईलाक के 22 दिन बाद बुजुर्ग के बेटे द्वारा एक्सींडेट करने वाले मोटर सायकल सवार के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जहां पुलिस ने 184 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज किया गया।

ग्राम जमरूवा निवासी टिकेश कुमार ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 09 अगस्त के रात्रि लगभग 07 बजे मुझे गांव वाले बताये कि तेरे पिता जी पुनारद ठाकुर 60 वर्ष का मुजगहन मैदान के पास एक्सीडेंट हो गया है। जिसके बाद मैं तुरन्त मुजगहन मैदान जाकर देखा तो मेरे पिता जी को दाहिना पैर एवं मस्तक में चोट आकर खून बह रहा था। पास में पड़े मोटर सायकल स्पेलेण्डर क्रमांक सीजी 04 आर 2791 में सवार आदमी द्वारा मेरे पिता जो कि पैदल करहीभदर से मुजगहन राखी पहुचाने आ रहे थे।

जिनको तेजी लापरवाही पूर्वक व खतरनाक ढंग से मोटर सायकल चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिये। मैं अपने पिता को मेटाडोर में जिला अस्पताल बालोद लेकर आया। डॉक्टर ने मेरे पिता को ईलाज करने के बाद पैर का चोट ज्यादा होने से रिफर कर दिये। तब मैं अपने पिता को धमतरी हॉस्पिटल में ले जाकर ईलाज कराया हूं। पिता के पैरे का ऑपरेशन हुआ है। मैं पिता के ईलाज में व्यस्त रहने के कारण डिस्चार्ज होने के बाद रिपोर्ट लिखा रहा हूं।

## रपटा में गिरी महिला की मौत

**डौंडीलोहारा।** बुधवार को बड़गांव निवासी 45 वर्षीय कांतिबाई खरे की खेत से लौटते समय मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कांतिबाई अपने रायपुरा स्थित खेत में काम करने गयी थी। परिजनों को जब देर रात तक कांतिबाई घर नहीं लौटीं तो उन्होंने खोजबीन शुरू की। तलाश के दौरान नाले में कांतिबाई का टिफिन डूबा हुआ मिला। इसके बाद परिजनों को अंदेशा हुआ कि वे पानी में बह गई होंगी। कुछ ही देर बाद उनका शव भी नाले के पानी में मिला। अनुमान लगाया जा रहा है कि शाम लगभग 6 बजे खेत से घर लौटते समय वह रास्ते में बने रपटा पार कर रही होगी, इसी दौरान उनका पैर फिसल गया होगा और वे नाले के गहरे पानी में गिर कर बेहोश हो गई होगी। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। टीआई मुकेश सिंह ने बताया कि मृतिका के भतीजे लक्ष्मण खरे की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस हादसे से गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

### क्यूआर कोड से मिलेगी मनरेगा कार्यों की पूरी जानकारी

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन पर जिले के प्रत्येक पंचायत भवनों पर विशेष क्यूआर कोड चस्पा किए जा रहे हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जिले के ग्रामीणों को सशक्त बनाने और योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बालोद जिले के सभी ग्राम पंचायतों में अब मनरेगा कार्यो की जानकारी क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध होगी। ग्रामीण अपने मोबाईल फोन से इन कोड को स्कैन कर पिछले 03 वर्षों में गांव में मनरेगा के तहत हुए विकास कार्यो की पूरी जानकारी तत्काल प्राप्त कर सकेंगे।

## चक्रधर समारोह में देविका ने दी मनमोहक प्रस्तुति...



**दल्लीराजहरा।** चक्रधर समारोह 2025 का मंच सोमवार की रात उस समय तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, जब जिले की युवा कथक नृत्यांगना देविका दीक्षित ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। करीब 24 वर्षों की निरंतर साधना से तराशी गई उनकी कला ने दर्शकों को ऐसा अनुभव कराया, जिसमें परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। भाव, लय और ताल की सधी हुई प्रस्तुति ने श्रोताओं को क्षणभर के लिए मंत्रमुग्ध कर दिया। जिले की बिटिया देविका दीक्षित ने मात्र पांच वर्ष की आयु से कथक की यात्रा शुरू की थी। उन्हें गुरु उपासना तिवारी और आचार्य पंडित कृष्ण मोहन मिश्र का मार्गदर्शन मिला। कथक में 'कोविद' और 'विशारद' उपाधियां हासिल करने के साथ ही उन्हें नेशनल नृत्य शिरोमणि पुरस्कार, श्रेष्ठ भारत सम्मान और गोपीकृष्ण नेशनल अवॉर्ड जैसे कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

# 592 वेटलैंड का समयबद्ध संरक्षण करने का कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद जिले में वेटलैंड संरक्षित करने की दृष्टि से सभी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करेंगे, जिससे समय पर वेटलैंट की ग्राउंड टूथिंग का कार्य पूर्ण हो सके। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित वेटलैंट की ग्राउंड टूथिंग एवं बाउंड्री डिमार्केशन से संबंधित बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।

बैठक में बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य वेटलैण्ड प्राधिकरण के निर्देशों के अनुरूप जिले के समस्त 2.25 हेक्टेयर के ऊपर के लगभग 592 वेटलैण्ड का ग्राउण्ड टुथिंग कर आर्द्रभूमि नियम के तहत संरक्षण एवं संवर्धन किया जाना है। इस कार्य के लिए राजस्व विभाग, वन विभाग, जल संसाधन विभाग, पंचायत विभाग, मछली पालन विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी समन्वय बनाकर कार्य को संपादित करेंगे। इसके लिए तहसीलवार समयसारणी बनाकर कार्य किया जाएगा, जिससे समयबद्ध तरीके से यह कार्य पूर्ण हो सकेगा।



## श्रद्धांजलि देने पहुंचे अहिवारा क्षेत्र विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा

# दुर्वासा लाल निषाद का 25वां शहीद दिवस देवरी में मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शहादत समारोह अमर शहीद दुर्वासालाल निषाद अत्यन्त गौरव का विषय है कि अमर सपूत दुर्वासा लाल निषाद ने कारगिल युद्ध के दौरान मातृभूमि भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राण उत्सर्ग किये, जिसकी स्मृति में 25 वां शहादत दिवस समारोह सम्पन्न हुआ।

अमर शहीद के सम्मानार्थ समारोह के अतिथिगण मुख्य अतिथि - विधायक अहिवारा क्षेत्र डोमन लाल कोर्सेवाडा, अध्यक्षता - सरपंच ग्राम पंचायत देवरी ख कुसुम प्रमोद देशमुख, विशिष्ट अतिथि - दंतेश्वरी निषाद विधायक गुण्डरदेही क्षेत्र कुंवर सिंह निषाद के धर्म पत्नी, पुरुषोत्तम चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही, अध्यक्ष भाजपा मंडल ओटेबंध कुलदीप साहू, अध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिसर बालोद नंदकिशोर साहू, संरक्षक अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संघ पवन निषाद ज, अध्यक्ष छ. ग. आर्मी फाउंडेशन दुर्ग हरप्रीत सिंह, पूर्व अध्यक्ष निषाद समाज जिला दुर्ग एवं साहित्यकार बद्री प्रसाद पारकर, परदेशी राम वर्मा, शहीद के गौरवगान एवं मातृभूमि के सम्मानार्थ समारोह में अवश्य पधारे अमर शहीद दुर्वासालाल निषाद के पिता मुन्नीलाल निषाद एवं माता बोधनी बाई निषाद, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक मातृ शाक्ति निठ. दुर्ग अध्यक्ष सावित्री निषाद, सचिव मंजू टंडन उपस्थित थे।









शहीदों के परिजनों का सम्मान किया गया कारगिल युद्ध में शहीद अमर जवान दुर्वासा लाल निषाद के 25 वां शहीद दिवस पर गुण्डरदेही विकास खंड के ग्राम देवरी ख उनके गृह ग्राम में स्थापित शहीद दुर्वासालाल निषाद प्रतिमा के सामने आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विधायक ▶▶| शेष पेज 12 पर




गुरूर। महाकाल परिवार गणेश उत्सव समिति गुरुर


गुरूर। श्री बाला जी परिवार गणेश उत्सव समिति गुरुर


गुरूर। श्री राधा रानी गणेश उत्सव समिति गुरुर


गुरूर। नन्हे मुन्ने बाल कलाकार गणेश उत्सव समिति बोहारडीह


गुरूर। गबाल युवा गणेश उत्सव समिति बोहारडीह

## खबर संक्षेप

### ब्रह्माकुमारीज ने नशामुक्त अभियान चलाया



**डौण्डीलोहारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा भारत सरकार के नशामुक्त भारत अभियान अन्तर्गत नशामुक्त छत्तीसगढ़ अभियान चलाया गया। इसके तहत सेवा केन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सीमा द्वारा स्कूल, कालेजों में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशा से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। नशा, नाश का जड़ है। नशा करने से व्यक्ति पर शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभाव पड़ता है। नशा से बचने का उपाय बताया गया एवं बच्चों को नशामुक्त होने हेतु संकल्प दिलाया गया। यह नशामुक्त अभियान ब्रह्माकुमारीज के स्थानीय सेवा केन्द्र से प्रारम्भ होकर सेजेस डौण्डीलोहारा, अछोली, बड़गांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौण्डीलोहारा,खेरथा बाजार, संबलपुर, शासकीय महाविद्यालय खेरथा बाजार, आई.टी.आई.डौण्डीलोहारा में चलाया गया।

### बीआरसी ने किया स्कूल का निरीक्षण



**डौंडीलोहारा।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला का बीआरसी डौंडीलोहारा द्वारा 4 सितंबर को आकस्मिक निरीक्षण किया गया। बीआरसी दिनेश कुमार मालेकर द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण, मध्यान्ह भोजन भंडारण कक्ष, डेली डायरी, पाठकान, बालकान, न्योता भोज पंजी, चखना पंजी, कक्षा अध्यापन गतिविधियों, एवं शौचालय,वाश बेसिन , किचन गार्डन, रसोई कक्ष का अवलोकन कर निरीक्षण किया गया। इस दौरान बीआरसी महोदय द्वारा शाला में, छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव का लोगों वाला पोस्टर अनिवार्य रूप से लगाने हेतु प्रधान पाठक को निर्देशित किया गया। सामाजिक अंकेक्षण हेतु निर्धारित बिंदुओं पर शाला स्तर पर तैयारी करने के लिए निर्देश दिए गए.इस आकस्मिक निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक समय सारिणी के अनुसार कक्षा अध्यापन कराते हुए पाए गए।

**शिक्षक दिवस विशेष:** शिक्षा के क्षेत्र में हासिल की है कई उपलब्धि

# शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा में सक्रिय है बसंती पिकेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक के पीएमश्री प्राथमिक शाला संबलपुर में सहायक शिक्षिका के रूप में पदस्थ बसंती पिकेश्वर अपने शिक्षक के रूप में सफर शुरू करने से पहले ही शिक्षा और समाज सेवा के कार्य में सक्रिय रही है। बहुत कम लोग ही जानते हैं कि जब बालोद जिला दुर्ग में शामिल था तो 1999 से 2004 के पंचवर्षीय कार्यकाल के दौरान बसंती पिकेश्वर जिला पंचायत सदस्य भी रह चुकी है। इस दौरान उन्होंने समाज सेवा और कई जनहित के कार्य किए। शिक्षक के रूप में अपने करियर की शुरुआत करने के साथ-साथ ही उन्होंने समाज सेवा और जागरूकता का कार्य कभी नहीं छोड़ा। खासकर वनांचल की महिलाओं के बीच फैले अंधविश्वास को दूर करने का बीड़ा उठाते हुए उन्होंने कई गतिविधियों को अंजाम दिया, जिसके लिए उन्हें विभिन्न मंचों, संगठन, समाज, संस्थाओं और शासन द्वारा सम्मान भी मिल चुका हैं। इस शिक्षक दिवस पर हम बहुमुखी प्रतिभा की धनी बसंती के बारे में बता रहे हैं, जो वर्तमान में स्काउट गाइडिंग और कब बुलबुल के क्षेत्र में भी अपना लोहा मनवा रही है। मूलतः संजय नगर डौंडीलोहारा की रहने वाली शिक्षिका बसंती पिकेश्वर पति दयालूराम पिकेश्वर शिक्षा के साथ-साथ महिलाओं के उत्थान के लिए भी काम कर रहीं हैं। वनांचल में खासतौर से महिलाओं को शिक्षित करने, उन्हें अंधविश्वास से बचाने, कुप्रथाओं को लेकर समाज में जागरूकता लाने के लिए वह काम करती है। संबलपुर से पहले वह शासकीय प्राथमिक शाला सोरली में भी पदस्थ थी। उनके कार्यों के चलते उन्हे शिक्षा नारी शक्ति प्रतिभा रत्न का सम्मान 2023 पुरस्कार से उन्हें शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने सम्मानित किया था। इसके अलावा उन्हें मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण, शिक्षा दूत पुरस्कार 2022, भारत स्काउट गाइड में योग्यता प्री एल टी फ्लॉक लीडर, 2015 -16 से 2021-22 तक 38 बुलबुल, 23 कब गोल्डन एरो अवार्ड, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त हो चुका है. तो वही ईसीसीई मास्टर ट्रेनर्स, योग मास्टर ट्रेनर्स, अंगना म शिक्षा मास्टर ट्रेनर्स, अंगना में शिक्षा 2.0 मास्टर ट्रेनर्स, एफएलएन मास्टर ट्रेनर्स और मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका वे निभा चुकी हैं।






### कब बुलबुल में बसंती ने दिलवाया था राष्ट्रीय स्तर पर सोरली स्कूल को पहचान



पिछले वर्ष राष्ट्रीय कब बुलबुल महोत्सव बिहार के बेगूसराय जिला गढ़हरा-बरौनी में हुआ था। जहां छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चे झूम उठे एवं अधिकारी ग्रुप डांस छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया था, इसी के साथ बिहार में छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया गुंजा, महोत्सव में बालोद जिला के 06 बुलबुल के साथ प्रभारी फ्लॉक लीडर बसंती पिकेश्वर शामिल हुई थी। नेशनल लेवल कब बुलबुल महोत्सव में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए पांच दिवसीय कब बुलबुल बरौनी बिहार में शामिल हुए थे। बच्चों को खेल खेल में शिक्षा देते हुए सर्वांगीण विकास कर रहे हैं। बसंती ने इस तरह सोरली स्कूल के जरिए बालोद जिले के लोहारा विकासखंड को कब बुलबुल गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। प्राथमिक कक्षाओं के छोटे बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन उनके द्वारा संबलपुर स्कूल में भी करवाया जाता है।

### ये प्रमुख सम्मान भी उन्हें हो चुके प्राप्त

अक्षर सैनिक सम्मान,मातोश्री रमाबाई सम्मान, रत्न डॉ. अम्बेडकर सम्मान,शिक्षक सम्मान निखिल शिखर सम्मान, गैंदसिंह सम्मान, शिक्षक रत्न आवार्ड,ज्योतिबा फुले आइडल शिक्षक सम्मान, सवित्री फुले नेशनल शिक्षक अवार्ड, मिनीमाता महिला सशक्तिकरण अवार्ड, राष्ट्रीय गौरव शिक्षक सम्मान शिकसा विशिष्ट सेवा सम्मान, कोरोना वारियर्स सम्मान प्राप्त हुए हैं। इन पदों में भी रह चुकी बसंती, निभा चुकी बेहतर दायित्व शिक्षक बनने से पहले वे 1999 से 2004 तक, जिला पंचायत सदस्य दुर्ग भी रहीं। इसके अलावा जिला साक्षरता समिति दुर्ग सदस्य,नेहरू युवा केन्द्र जिला दुर्ग, सदस्य,साक्षरता अनुदेशक एवं प्रेरक, दीदी बैंक अध्यक्ष,स्वास्थ्य मितानीन कार्यक्रम जिला स्रोत समन्वयक, जिला मास्टर ट्रेनर, मितानीन कार्यक्रम,ब्लॉक प्रशिक्षक, सर्व शिक्षा अभियान डौण्डी लोहारा के रूप में भी कार्य कर चुकी हैं। वे केन्द्रिय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा समाज कर्मचारी प्रकोष्ट पद पर भी रहीं। आदिवासी अखिल भारतीय विकास परिषद तहसील उपाध्यक्ष, आदिवासी अखिल भारतीय विकास परिषद प्रदेश कार्य सदस्य, आदिवासी भारतीय हल्बा समाज ब्लॉक उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय हलबा समाज केन्द्रीय प्रतिनिधि,अखिल भारतीय हल्बा समाज कर्म प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष,अ.भ. हल्बा समाज महिला जिलाध्यक्ष, जिला बालोद भी रह चुकी।महिलाओं को शिक्षित करना,अंधविश्वास को दूर करने का प्रयास,दहेज प्रताड़ना, बाल विवाह पर रोक लगाना और परिवार नियोजन कार्यक्रम को बढ़ावा देना,महिला उत्थान हेतु प्रेरित करना उनकी प्राथमिकता रही है।



# शिक्षा और समाज सेवा का अद्भुत संगम है प्रधानपाठक दयालु राम

## वनांचल गांव मड़ियाकट्टा में बच्चों के साथ पालकों को भी शिक्षा से जोड़ते हैं

**डौंडीलोहारा।** शिक्षक दिवस पर हम डौंडीलोहारा ब्लॉक के मड़ियाकट्टा मिडिल स्कूल के राज्यपाल पुरस्कृत प्रधानपाठक दयालु राम पिकेश्वर के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें उनके कार्यों के लिए कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। इन सब सम्मानों के पीछे उन्होंने काफी मेहनत भी की है। उनके कार्य से मड़ियाकट्टावासी भली-भांति परिचित हैं। उनके द्वारा स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ हर आयोजन में बच्चों के पालकों को भी जोड़ने का अनूठा प्रयास किया जाता है। स्कूल में कोई भी आयोजन होता है तो उसमें 100 प्रतिशत बच्चों के पालकों की उपस्थिति भी दिखती है। बालक पालक सम्मेलन में भी बढ़-चढ़कर लोग हिस्सा लेते हैं। अपने बच्चों की पढ़ाई का स्तर जांचने सहित अन्य गतिविधियों में पालक शामिल होकर संतुष्टि जताते हैं। मड़ियाकट्टा मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक पिकेश्वर शासन की योजनाओं सहित विभिन्न अवसरों पर बच्चों और पालक दोनों को जागरुक करते हुए आयोजन करते हैं।

- हर आयोजन में होती है पालकों की भागीदारी, जागरूकता और सजकता के लिए होते हैं यहां विविध कार्यक्रम

पुस्तकीय ज्ञान के अलावा चित्रकला, गीत संगीत, विभिन्न दिवस सहित विविध विधाओं में बच्चों को पारंगत करते हुए यहां पढ़ाई कराई जाती है। वनांचल के लोगों में शिक्षा के प्रति लगाव बढ़ाने, बच्चों को नियमित स्कूल भेजने सहित स्कूल से समुदाय को जोड़ने का विशेष प्रयास मड़ियाकट्टा में प्रधानपाठक पिकेश्वर की ओर से देखने को मिलता है।

### 2021 में मिला है राज्यपाल से पुरस्कार

प्रधानपाठक दयालुराम पिकेश्वर को राज्यपाल पुरस्कार 2021 में मिल चुका है। यह पुरस्कार मिलना भी आसान नहीं था। उन्हें इस मंजिल तक जाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। वर्षों से गांव के विकास और स्कूल को संवारने के लिए उन्होंने काम किया। आज भी उनका यह काम निरंतर जारी है। अलग-अलग अभियानों से वनांचल में बसे छोटे से गांव मडियाकट्टा को पूरे जिले और छत्तीसगढ़ में एक अलग नाम दिलाने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। इसी के चलते यहां का शिक्षा स्तर भी बेहतर रहता है। वहीं अलग-अलग अभियानों से जन जागरूकता फैलाने का काम भी राज्यपाल पुरस्कृत प्रधानपाठक दयालु राम पिकेश्वर कर रहे हैं।

### मिल चुका स्वच्छ विद्यालय का सम्मान

जंगल से घिरे इस स्कूल में 2021 में उन्होंने स्मार्ट क्लास भी प्रारंभ किया। तो उनके स्कूल को 2022 में स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार भी मिल चुका है। शासन के प्रत्येक निर्देशन और योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से होता है। बच्चों के साथ-साथ स्कूल में पालकों को भी जोड़ते हैं। स्कूल में कोई भी आयोजन होता है, तो खासतौर से महिला अभिभावकों की मौजूदगी यहां सबसे ज्यादा देखने को मिलती है। जो बताती है कि वनांचल क्षेत्र होने के बावजूद शिक्षा के प्रति किस तरह से अभिभावक जागरुक है। गांव को नशा मुक्त बनाने के लिए बच्चों के जरिए पालकों तक शिक्षा पहुंचाने का एक विशेष काम भी वे करते हैं।

### 2017 में स्कूल को चुके बस्ता मुक्त

राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालु राम द्वारा मड़ियाकट्टा मिडिल स्कूल को 2017 में ही बस्ता मुक्त विद्यालय बना चुके हैं। जिसका लोकार्पण तत्कालीन कलेक्टर राजेश सिंह राणा एवं तत्कालीन जी.आर.राना अध्यक्ष अनुसूचित जन आयोग के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ था। सामाजिक कार्य में अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज महासभा बालोद प्रचार मंत्री, सर्व आदिवासी समाज डौंडी लोहारा तहसील उपाध्यक्ष है। भारत स्काउट गाइड जिला बालोद के उपाध्यक्ष पद पर भी कार्यरत है।



### कई सम्मान मिल चुके हैं पिकेश्वर को

राज्यपाल पुरस्कार 2021, ज्ञानदीप पुरस्कार 2019, श्रेष्ठ प्रधानपाठक पुरस्कार 2019, स्वच्छता पुरस्कार 2017, छ.ग. साक्षर सैनिक सम्मान म. प्र., भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर गौरव सम्मान, शिक्षक सम्मान, शिक्षक रत्न आवर्ड ज्योतिबा फुले आइडल शिक्षक सम्मान, नेशनल शिक्षक अवार्ड, राष्ट्रीय गौरव शिक्षक सम्मान शिकसा विशिष्ट सेवा सम्मान, कोरोना वारियर्स सम्मान एवं सामाजिक संगठन अन्य संगठन से कई सम्मान प्राप्त हुए हैं।



### शैक्षणिक योग्यताओं के बलबूते बच्चों में भी ला रहे निखार

प्रधानपाठक श्री पिकेश्वर की एमए राजनीति विज्ञान, डीएड शैक्षणिक योग्यता है। इसके अलावा कठपुतली प्रशिक्षण (सांस्कृतिक स्रोत प्रशिक्षण केन्द्र नई दिल्ली), फाउण्डेशन कोर्स प्रयास विद्यालय भिलाई, शिक्षकों का विशेष उन्मुखीकरण सेवाकालिन प्रशिक्षण, उच्च प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण, स्कूल रेडीनेनेश जनशाला प्रशिक्षण,एस. एस. प्रशिक्षण (एस. सीआरटी रायपुर), आवश्यकता आधारित 20 दिवसीय प्रशिक्षण सीखना सिखाना पैकेज प्रशिक्षण, शिक्षक समाख्या प्रशिक्षण, स्वास्थ्य प्रशिक्षण, सामुदायिक सहभागिता प्रशिक्षण,ए.एल.एम. प्रशिक्षण. सी. ए. सी. प्रशिक्षण, एम. जी. एम. एल. प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं। अपनी इस योग्यता के चलते वे बच्चों का सर्वांगीण विकास करने का प्रयास करते हैं।

## पेज 11 के शेष

### लगातार मांग के ...

परिवार न्यायालय की नवीन भवन देखने को मिलेगी। जिसमे आठ माह पूर्व जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर के नवीन भवन का भूमिपूजन 23 दिसंबर 2024 को किया गया था जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसके बाद अब इसके बगल में परिवार न्यायालय के लिए जमीन आबंटित होते ही न्यायाधीशो व अधिवक्ताओ में हर्श व्याप्त है।

### दुर्वासा लाल निषाद ...

अहिवारा क्षेत्र डोमन लाल कोर्सेवाडा ने दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर विधायक अहिवारा क्षेत्र डोमन लाल कोर्सेवाडा ने कहा कि मां भारती का गोद तब लाल हुआ था, जब लहुलुहान शहीद दुर्वासालाल हुआ था। इस कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत सचिव गुलाब साहू, उपसरपंच अंसू गायकवाड, प्रमोद देशमुख, गिरधर देशमुख, पूर्व सरपंच खिलेन्द साहू, पूर्व सरपंच भेल सिंह साहू, कुंदन निषाद , भूपेंद्र निषाद, सुमन धृतलहरे, ओमप्रकाश, ललित साहू, महेश देशमुख, शिवकुमार गायकवाड, उत्तम गायकवाड सहित ग्रामवासी उपस्थित थे, इस कार्यक्रम के मंच संचालन व आभार शिक्षक जीवन लाल चन्द्राकर द्वारा किया गया।

**तीन दिवसीय कार्यशाला 186 आदिवासी गांवों के विकास पर फोकस**

# आदिवासी अंचलों में सेवा, समर्पण और सुशासन सुनिश्चित करने के प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के चयनित 186 आदिवासी बहुल गांव में अनुसूचित जनजातियों के विकास एवं कल्याण से जुड़े प्रमुख योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु जिला पंचायत संसाधन केन्द्र पाकुरभाट में 03 से 05 सितबर तक आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत आज दूसरे दिन भी कार्यशाला आयोजित की गई।

द्वितीय दिवस की कार्यशाला में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त विजय सिंह कंवर सहित अन्य अधिकारियों के अलावा प्रशिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा जनजातियों के विकास एवं कल्याण से जुड़े प्रमुख योजनाओं का ग्राम स्तर तक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त विजय सिंह कंवर ने बताया कि कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा अपने–अपने विभागों द्वारा जनजातीय वर्ग के लोगों के विकास हेतु संचालित योजनाओं तथा उसके सफल क्रियान्वयन के विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य जनजातीय अंचलों में सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनजातीय परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिले के चयनित सभी 186 गांव में से 20–20 वालंटियर तैयार किया जाएगा। वालंटियर के रूप में गांव क पढ़े–लिखे एवं जानकार लोगों को शामिल करना आवश्यक है। इस दौरान पात्रतानुसार जनजातीय परिवार के लोगों का राशन कार्ड एवं आधार कार्ड बनाने की कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के सफल संचालन हेतु स्वयं संस्थाओं के प्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, युवा एवं सेवाभावी संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इनके द्वारा जिले के 186 गांवों में आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन तथा ग्राम विकास योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य, जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर चरणबद्ध रूप से आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक चयनित ग्राम में आदि सेवा केंद्र की स्थापना की जाएगी।





# नपं के दो अलग-अलग क्लोरीन निविदाओं पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

ब्लॉक के कॉन्ट्रैक्टर संघ ने नगर पंचायत द्वारा जारी दो अलग-अलग क्लोरीन संबंधी निविदाओं पर गंभीर सवाल उठाए हैं। संघ के अध्यक्ष रामलखन राठौड़, संरक्षक प्रेम शुक्ला और सदस्यों ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक अनीला भेड़िया और कलेक्टर को पत्र लिखकर इन निविदाओं को तुरंत रद्द करने और 15वें वित्त आयोग की राशि के दुरुपयोग को रोकने की मांग की है। कॉन्ट्रैक्टर संघ के अनुसार, नगर पंचायत डौंडी ने हाल ही में दो अलग-अलग निविदाएं जारी की हैं, निविदा क्रमांक 208 दिनांक 1 सितम्बर इस निविदा के तहत 9.43 लाख रुपये की लागत से डौंडी नगर में पानी सप्लाई करने वाले सभी बोरवेल में 'नॉन-इलेक्ट्रिकल क्लोरीनेशन यूनिट' लगाने का प्रावधान है। निविदा क्रमांक 214 दिनांक 7 सितम्बर के तहत 18.79 लाख रुपये की लागत से पानी के स्टोरेज और सप्लाई टैंक में 'इलेक्ट्रिक ऑनलाइन ऑटोमेटिक क्लोरीनेशन सिस्टम' लगाने की योजना है। संघ का आरोप है कि एक ही सप्ताह के भीतर क्लोरीन युक्त पानी पिलाने के लिए कुल 28.22 लाख खर्च किए जा रहे हैं, जो पूरी तरह से अनुचित है। उनका कहना है कि जब डौंडी के पानी में क्लोरीन की कमी ही नहीं है, तो क्लोरीन युक्त पानी पिलाकर नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

- कॉन्ट्रेक्टर संघ ने मंत्री, विधायक और कलेक्टर को लिखा पत्र




### भ्रष्टाचार का आरोप और जांच की मांग

कॉन्ट्रैक्टर संघ ने इस मामले को सीधा-सीधा भ्रष्टाचार बताया है। उनकी दलील है कि जब सभी बोरवेल में 9.43 लाख रुपये से क्लोरीनेशन हो जाएगा, तो उसी पानी को दोबारा 18.79 लाख रुपये खर्च करके स्टोरेज टैंक में क्लोरीन युक्त करने का कोई औचित्य नहीं है। यह स्पष्ट रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष देवांगन द्वारा भ्रष्टाचार का संकेत है। संघ ने विनम्रतापूर्वक मांग की है कि इन दोनों निविदाओं को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए, 15वें वित्त आयोग की राशि का दुरुपयोग रोका जाए, और उपयोगहीन मशीन खरीद मामले की गहन जांच कराई जाए। साथ ही, 15वें वित्त आयोग की राशि जिन अन्य कार्यों में खर्च की जा रही है, उन सबकी भी सूक्ष्म जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

**आपत्ति पर नियमानुसार होगी कार्रवाई**

शासन से प्राप्त राशि के लिए नियमानुसार टेंडर जारी कर प्रक्रिया पूरी की जा रही है। अगर कोई आपत्ति आती है, तो नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- संतोष देवांगन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी

गुरुर्ब्रह्मा, गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुर्साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः।।

# शिक्षक दिवस

## की हार्दिक शुभकामनाएं...



डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी



### ॐ वेदाहि गुरु देवाय विधमये परमगुरुवे धीमहि तन्नोः गुरुः प्रचोदयात्

शिक्षक दिवस हर साल 5 सितंबर को मनाया जाता है। शिक्षक युवा मस्तिष्कों के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणा होते हैं। हर साल शिक्षक दिवस उन महान शिक्षकों के जीवन और कार्यों को महत्व देने के लिए मनाया जाता है, जो अपने छात्रों को अपने बच्चों की तरह प्यार करते हैं। शिक्षक भगवान के निकट होते हैं। शिक्षक कक्षा की आत्मा होते हैं। कम उम्र से ही बच्चे शिक्षकों से अपने मूल्य, नैतिकता, जीवन के सबक और अच्छे कर्म सीखते हैं। शिक्षक विद्यार्थियों के लिए आदर्श होते हैं। शिक्षक वास्तव में युवा पीढ़ी के मस्तिष्क के निर्माण में आजीवन समर्पण के रूप में सेवा दे रहे, शिक्षक समाज में अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण हैं; वास्तव में कई मायनों में वे समाज की धुरी हैं। ऐसे में यह बहुत अच्छा है कि हम अपने शिक्षकों को सम्मानित करने और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए एक समर्पित दिन रखते हैं, उन्हें बताते हैं कि हम उनकी कितनी सराहना करते हैं। शिक्षक छात्रों को समाज में महत्वपूर्ण व्यक्ति बनने के लिए तैयार करने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करते हैं। शिक्षक के बिना कोई भी अन्य व्यवसायों के अलावा अकाउंटेंट, डॉक्टर, पायलट, वैज्ञानिक, इंजीनियर, मौसम विज्ञानी नहीं बन पाता। शिक्षक दिवस महत्वपूर्ण है क्योंकि यह छात्रों और अभिभावकों को समाज में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका का एहसास कराने में मदद करता है। इस समझ के माध्यम से, सम्मान पैदा होता है और इस प्रकार प्रभावी सीख प्राप्त होती है



























संकलनकर्ता- पावन देवांगन, हरिभूमि संवाददाता, डौंडीलोहारा, मो.- 9893341097

## खबर संक्षेप



### जनपद सभापति ने सांसद नाग को निर्माण कार्य के लिए मांग पत्र सौंपा

**गुण्डरदेही।** जनपद सभापति अश्वनी कुमार कटहरे ने कांकेर सांसद भोजराज नाग से मुलाकात कर ग्राम हल्दी के बाजार चौक का सीमेंटकरण व शेड निर्माण एवं मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से मुख्य सड़क तक सीमेंटी करण रोड निर्माण के लिए मांग पत्र सौंपा एवं क्षेत्र की अन्य विभिन्न समस्याओं से सांसद को अवगत कराया।

### 'मिशन गोद' कुपोषित बच्चों को मिलेगा समुचित पोषण

**बालोद।** बालोद जिले को कुपोषण मुक्त बनाने हेतु 'मिशन गोद' विकासखण्ड स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि मिशन गोद अंतर्गत जिला स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा जिले के 06 माह से 03 वर्ष तक के कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उन्हें सुपोषित बनाने हेतु उनका समुचित देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि मिशन गोद विकासखण्ड स्तरीय समिति में अनुविभागीय अधिकारी समिति के अध्यक्ष होंगे। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी सदस्य सचिव तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी समिति के सदस्य होंगे।

### आवास दिलाने के नाम ठगी करने वाला गिरफ्त में

**भिलाई।** पीएम आवास दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने उड़िसा से गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि हितग्राही वार्ड 17 चिंगरी पारा नेहरू भवन के पास सुपेला निवासी राकेश चौसरे अन्य हितग्राहियों को आवास के नाम पर ठगी कर 14.4 लाख रुपए का ठगी करने वाल भिलाई क्वटर नं. 30 मदर टेरेसा नगर केम्प 1 भिलाई जो बरगढ़ उड़िसा में वर्तमान में रहने वाला पांचवा आरोपी मो मकसुद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने ठगी का ढ़ाई लाख रुपए खर्च करना स्वीकार किया। आरोपी ने हितग्राही रतना वर्मा, रजनी मानीकपुरी, लोम सिंह पटेल, सरिता घोड़े, रमेश खंडारे, से कुटरचित दस्तावेज तैयार कर ठगी किया। हितग्राही की कुल 14 लाख 4 हजार रूपये लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपीगणों में ज्योति सोनी, रेसमा खातुन, शाहिद खान, राहुल राय को पहले पकड़ा था। जो न्यायालय में विचाराधिन है।

## निधन

### ललित कुमार कोसमा

**डोंडी।** नगर पंचायत डौंडी निवासी ललित कुमार कोसमा का निधन गुरुवार समय 05बजे हो गया है जिसका अंतिम संस्कार डौन्डी नगर के मुक्तिधाम में किया जायगा। वे जमुना बाई कोसमा के पति सुनहेर कोसमा,हिरामणी व देवेन्द्र कोसमा के पिता थे।

**बैठक :** कलेक्टर मिश्रा की अध्यक्षता में जिला खनिज न्यास संस्थान की बैठक संपन्न

# खनिज न्यास निधि का उपयोग जनहित व प्रभावित क्षेत्रों के विकास में किया जाएगाः सांसद भोजराज नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला खनिज न्यास संस्थान के शासी समिति की बैठक कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास संस्थान के अध्यक्ष दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में सांसद भोजराज नाग, विधायक डौण्डीलोहारा अनिला भेड़िया, विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, जिला पंचायत के अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, सहित पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला खनिज न्यास संस्थान के सचिव सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास संस्थान के नोडल अधिकारी अजय किशोर लकरा, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अन्य अधिकारियों के अलावा जिला खनिज न्यास संस्थान के नामांकित सदस्य अरविंद जैन, शिव कुमार गुप्ता, चंद्रलेखा पायला, दुलेश्वरी टेकाम, रिखीराम साहू, यदुनंदन देवहारी एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

बैठक में सर्वसम्मति से शासन के निर्देशानुसार कार्य योजना की स्वीकृति के अलावा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुमोदन की प्रत्याशा में स्वीकृत किए गए कार्यों की कार्योत्तर स्वीकृति दी गई। इसके अलावा बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह सितंबर 2024, फरवरी 2025 के कार्यों की कार्योत्तर स्वीकृति भी दी गई है। जिला खनिज न्यास संस्थान के सदस्यों ने राशि का उपयोग पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सड़क निर्माण कार्यों के लिए अधिक से अधिक उपयोग करने पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि आज आयोजित खनिज न्यास संस्थान की बैठक में जिले में चलाए जा रहे कुपोषण मुक्ति अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने हेतु उनका समुचित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए सांसद भोजराज नाग, विधायक डौण्डीलोहारा अनिला भेड़िया एवं




**कुपोषण मुक्ति अभियान को बढ़ावा, जनप्रतिनिधियों ने एक-एक कुपोषित बच्चे को लिया गोद**



विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने एक-एक कुपोषित बच्चों को गोद लिया।

बैठक में सांसद भोजराज नाग ने कहा कि जिला खनिज न्यास संस्थान का कार्य एवं उद्देश्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं दूरगामी है। इसलिए जिला खनिज न्यास संस्थान के निधि की राशि का जनहित में उपयोग करते हुए इसका सदुपयोग किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रें के लोगों को जिला खनिज न्यास संस्थान के कार्यों का समुचित लाभ सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशा के अनुरूप हम सब मिलकर विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ के साथ-साथ बालोद जिले को विकसित बनाने में अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों के अलावा सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बालोद जिले के समुचित विकास करने में महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने की भी अपील की। इस अवसर पर उन्होंने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के कुशल नेतृत्व में बालोद जिले में चलाए जा रहे कुपोषण मुक्ति अभियान एवं वृहद पौंधारोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा सहित जिला प्रशासन की पूरी टीम की भूरी-भूरी सराहना की।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास संस्थान की अध्यक्ष दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि शासन के मंशानुरूप जिला खनिज न्यास संस्थान निधि के राशि का उपयोग प्रभावित क्षेत्रें के लोगों के कल्याण एवं जनहित के कार्य में करते हुए बालोद जिले का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया



जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता के माँग के आधार पर जिला खनिज न्यास संस्था के राशि का उपयोग जिले के जरूरतमंद लोगों के मदद हेतु भी किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक अनिला भेड़िया, संगीता सिन्हा तथा जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर एवं जिला खनिज न्यास संस्थान के सदस्यों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी जिला खनिज न्यास संस्थान के राशि के उपयोग के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला खनिज न्यास संस्थान के सचिव सुनील चंद्रवंशी ने जिला खनिज न्यास संस्थान के बैठक के एजेण्डे के संबंध एवं विगत वर्षों के कार्यों की प्रगति के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला खनिज न्यास संस्थान के पास उपलब्ध निधि का कम से कम 60 प्रतिशत उच्च प्राथमिकता क्षेत्रें में उपयोजित करने का प्रावधान हैं। इसके अतंर्गत उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रें के तहत पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, स्वास्थ्य देख-भाल, शिक्षा, —षि एवं अन्य सम्बद्ध गतिविधियां, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं निशक्तजन के कल्याण, कौशल एवं विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, सतत जीविकोपार्जन के अलावा जन कल्याण के कार्यों के लिए इस राशि का उपयोग किया जायेगा। इसी तरह न्यास के शेष 40 प्रतिशत राशि को अन्य प्राथमिकता वालें क्षेत्रें में उपयोजित किये जाने का प्रावधान है। इसके अतंर्गत न्यास के 40 प्रतिशत राशि का उपयोग अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रें के अतंर्गत भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास, सार्वजनिक परिवहन, युवा गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा मूलभूत सुविधाओं के लिए किए जाने का प्रावधान है।

बैठक में खनन प्रभावित क्षेत्रें के प्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रें में सर्वेक्षण कार्य, वित्तीय वर्ष 2023-24 के सीए ऑडिट प्रतिवेदन को डीएमएफ पोर्टल में अपलोड किए जाने एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 के सीए ऑडिट कार्य किए जाने हेतु अनुमोदन भी किया गया। इसके अलावा जिला खनिज न्यास संस्थान बालोद के विजन डॉक्यूमेंट का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा आज आयोजित बैठक में जिला खनिज न्यास संस्थान के नए नामांकित सदस्यों की जानकारी देते हुए उनका अनुमोदन भी किया गया।

**ग्रामीण विकास योजनाओं के लिए अब युक्तधारा पोर्टल का होगा उपयोग**

## युक्तधारा पोर्टल पर डीपीआर निर्माण व योजना क्रियान्वयन की दी गई ट्रेनिंग

**बालोद।** भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रलय द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ग्राम पंचायतों में कार्ययोजना तैयार करने हेतु युक्तधारा पोर्टल का उपयोग करने के निर्देश दिए गए है।

उन्होंने बताया कि जिला पंचायत सभाकक्ष में 02 अगस्त को राज्य से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनरों के द्वारा युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से भविष्य में योजना निर्माण और क्रियान्वयन की प्रक्रिया को पूर्णतः जीआईएस आधारित बनाए जाने की दिशा में योजनांतर्गत कार्यरत कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्रोग्रामर एवं तकनीकी सहायकों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में जल प्रबंधन, कृषि, विकास और आजीविका संवर्धन के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से कैसे एक स्थायी और समृद्ध ग्रामीण विकास मॉडल तैयार करने के साथ युक्तधारा पोर्टल की कार्यप्रणाली और इसके उपयोग की प्रस्तुति ने प्रतिभागियों को योजनाओं की वैज्ञानिक, पारदर्शी और सटीक प्लानिंग की दिशा में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में संबंधित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों को संगम अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर प्रस्तावित कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिससे डीपीआर निर्माण की प्रक्रिया अधिक सरल, सटीक और राज्य सरकार की मंशा अनुरूप हो सके। कार्यशाला में युक्तधारा पोर्टल पर कार्य करने की विधि सहित अन्य जरूरी बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

कार्यशाला में एपीओ ओमप्रकाश साहू ने कहा कि युक्तधारा पोर्टल पर कार्य करने से योजनाओं की पारदर्शिता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रलय ने निर्देश जारी किया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 से मनरेगा के सभी कार्य युक्तधारा पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। इस पोर्टल पर हर कार्य की कार्य योजना, स्थान, लागत और प्रगति का पूरा ब्यौरा दर्ज होगा।

## गणेशोत्सव में डीजे की जगह श्रीराम धुनी युवा पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का उपाय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

गणेशोत्सव पर भाटापारा कौही की अपना गणेश उत्सव समिति ने एक नई सांस्कृतिक मिसाल कायम की। जहां पूर्व में डीजे डांस जैसी पाश्चात्य संसकृति का आयोजन होता रहा, वहीं इस बार समिति अध्यक्ष रुस्तम साहू, उपाध्यक्ष मनोज निर्मलकर और लेखराम निषाद की पहल पर पूरे गाँव में भक्ति और परंपरा को जीवंत करते हुए श्रीराममय रामधुनी सम्मेलन का आयोजन किया गया। समिति ने कहा कि भगवान श्रीराम छत्तीसगढ़ के भांजा हैं, इसलिए गणेशोत्सव को भक्ति, संसकृति और आध्यात्मिक माहौल में मनाने का संदेश दिया गया। गाँव की गलियों में भक्ति रस का संचार करते हुए यह रामधुनी सम्मेलन न केवल सांसकृतिक चेतना का प्रतीक बना, बल्कि युवाओं को भी अपनी समृद्ध परंपरा से जुड़ने का संदेश दिया।

इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत कौही लीना साहू, मंदिर अध्यक्ष एवं अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति डीडाभाठायोगेश्वर साहू, सरपंच प्रतिनिधि सुरेश साहू, सांसद प्रतिनिधि कामता प्रसाद साहू, बूथ अध्यक्ष डॉ. संतोष साहू एवं सोहन साहू सहित उपसरपंच हेमलाल सोनकर, माधो सोनकर, भुखन सोनकर, कमल साहू, पन्ना निर्मलकर, महादेव निषाद, माँ काली साउंड नारायण साहू, खूबलाल मेश्राम, हर्ष साहू, कमलेश यादव, प्रीतम निषाद, पीतेश साहू, बुद्धदेव साहू, सुखदेव निषाद एवं लता निषाद सहित सैकड़ों ग्रामवासी श्रद्धा के साथ सम्मिलित हुए। संचालन मूलचंद साहू एवं वेदप्रकाश साहू ने किया, वहीं थानु राम देवांगन ने उद्घोषक के रूप में रामायण पाठ से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



**आने वाली पीढ़ी संस्कारवान डगर पर चलेगी**

मुख्य अतिथि भाजयुमो अध्यक्ष जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि नारद साहू ने कहा कि हमारे भारत की संसकृति विश्व पटल पर भाईचारा और शांति का संदेश देती है। गणेशोत्सव में श्रीरामधुनि सम्मेलन संस्कार का विरासत भरा संदेश है। पाश्चात्य संसकृति की अंधी दौड़ के इस दौर में आज कौही की पावन धरा में डीजे और पाश्चात्य मनोरंजन के बजाय श्रीरामधुनी का आयोजन कर समिति के संभ्रांत लोगों ने यह साबित कर दिया है कि हमारी आने वाली पीढ़ी संस्कार वान डगर पर चलेगी।

### नर्सिंग महाविद्यालय का 14वां स्थापना दिवस मनाया



**बालोद।** भारत इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग दानिटोला बालोद महाविद्यालय के 14वें स्थापना दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान संस्था के विद्यार्थियों के द्वारा एवं मारुति इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग दानिटोला बालोद महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सिजो कोशी के द्वारा प्राचार्य डेनियल दीपक मसीह को पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया एवं कॉलेज परिसर में केक काटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सभी शिक्षकगण, व्यवस्थापकगण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे तथा सभी के सहयोग के साथ कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

### घुमंतू पशुओं से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने जनपद स्तर पर निगरानी दल का हुआ गठन

**बालोद।** राष्ट्रीय राजमार्ग व प्रमुख सड़कों पर विचरण करने वाले घुमंतू पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु जनपद स्तर समिति निगरानी दल का गठन किया गया है। जिसके अंतर्गत एसडीएम गुरूर रामकुमार सोनकर समिति के अध्यक्ष होंगे। इसी तरह अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बेनिफस एक्का, तहसीलदार हनुमंत श्याम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग वसीम शेख, सहायक शल्यज्ञ बीके विश्वकर्मा, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील भारती, स्थानीय समाजसेवी दानदाता निधि टुवानी, जयंत, ओम प्रकाश टुवानी, जनप्रतिनिधि नरेश मदन साहू, आशीष साहू, डॉ. हरीश कृष्ण गंजीर एवं हेमंत कुमार गुरुपंच समिति के सदस्य होंगे।

### बिजली पोल और ट्रांसफार्मर का भी टैक्स वसूलेगा रिसाली निगम

**भिलाई।** रिसाली निगम जल्द ही छ.ग. विद्युत वितरण कंपनी को टैक्स जमा करने डिमांड जारी करेगा। निगम ने राजस्व बढ़ाने छ.ग. विद्युत वितरण कंपनी को अपने दायरे में लिया है। कंपनी द्वारा लगाए विद्युत खंबे और ट्रांसफार्मर वाले स्थान का कर निर्धारण किया जाएगा। उक्त निर्णय बुधवार को महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली परिषद ने निर्णय लिया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**जैविक खेती अपनाने का आह्वान किया**

## भारतीय किसान संघ ने बलराम जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

भारतीय किसान संघ बालोद के तत्वावधान मं गुण्डरदेही ब्लाक के अंतर्गत परिक्षेत्रीय साहू समाज भवन कलंगपुर में भगवान बलराम जयंती मनाया गया। कार्यक्रम कि शुरुआत भगवान बलराम कि तैलचित्र पर पुजा अर्चना व भारतीय किसान संघ के नारे एवं ग्राम समीति गीत से हुआ।

जिसमें भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू भोथीपार ने अपने उद्बोधन में भगवान बलराम जी के जयंती के बारे विस्तार से जानकारी दी और किसान संघ के कार्य योजना के बारे में जानकारी दी कार्यक्रम में उपस्थित मनहरण साहू ने अपने उद्बोधन में जैविक खेती से लाभ और रसाइनिक दवाई के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। तहसील गुण्डरदेही अध्यक्ष डॉ ताम्रध्वज साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया। अंत में आभार प्रकट भुनेशवर साहू ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कलंगपुर सरपंच पुष्पा सिन्हा, पुर्व सरपंच गोविन्द सिन्हा, भारतीय किसान संघ जिला महिला प्रमुख भुनेश्वरी साहू, भारतीय किसान संघ जिला बालोद सदस्य बल्दु राम साहू, राम नारायण सिन्हा, जिला जैविक प्रमुख मनहरण साहू, तहसील गुण्डरदेही अध्यक्ष डॉ ताम्रध्वज साहू, उपाध्यक्ष रोशन चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष चमरु राम साहू, भोज राम साहू, घना राम साहू, पोषण लाल सिन्हा, इन्दजित कुलहारा, शत्रुहन महतो, भिखारी राम साहू, रतन लाल साहू, भागवत चन्दवंशी, मोहन लाल साहू, कल्याण सिंह साहू, रोमलाल साहू, सुकचरण साहू, उग्रसेन साहू, राकेश कुमार साहू, चन्द्र कुमार साहू ठाकुर, राम साहू, मिथलेश कुमार, बसंत कुमार साहू, कांशी नाथ साहू सहित बढ़ी संख्या मे किसान उपस्थित थे।





